## दुबई में मुख्यमंत्री की निवेश कूटनीति

# इथियोपिया और रस-अल-खैमा से सहयोग पर चर्चा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात प्रवास के दौरान इथियोपिया के राष्ट्रपति ताये अत्स्के सेलासी से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं और भारत-इथियोपिया के आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश सहयोग बढ़ाने के विभिन्न अवसरों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

डॉ. यादव ने राष्ट्रपति सेलासी को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों, अनुकूल औद्योगिक वातावरण और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इथियोपिया के उद्योग एवं व्यापार जगत को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, औषधि निर्माण, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और आधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में संभावनाएं बताईं। मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

### आर्थिक साझेदारी को नई गति देने पर जोर

मुलाकात के दौरान भारत और इथियोपिया के आर्थिक संबंधों को व्यापक बनाने के साथ मध्यप्रदेश और इथियोपिया के बीच निवेश एवं व्यावसायिक सहयोग की नई संभावनाएं तलाशने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर विचार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन संयुक्त अरब अमीरात की सुप्रीम काउंसिल के सदस्य एवं रस-अल-खैमा के शासक शेख सौद बिन सकर अल कासिमी से भी मुलाकात की। बैठक में मध्यप्रदेश और रस-अल-खैमा के बीच निवेश संवर्धन, औद्योगिक सहयोग, निवेशकों के संपर्क और बाजार तक पहुंच बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं

दोनों पक्षों ने सिरेमिक एवं निर्माण सामग्री, औषधि एवं चिकित्सा उपकरण, पर्यटन एवं आतिथ्य, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया। निवेशकों को भूमि की पहचान, आवश्यक अनुमतियां, अधोसंरचना सुविधाएं और राज्य स्तरीय सहयोग उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। रस-अल-खैमा की कंपनियों और संस्थानों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग की संभावनाएं तलाशने का प्रस्ताव रखा गया।

# मप्र में प्राकृतिक संसाधनों और कुशल मानव शक्ति की पर्याप्त उपलब्धताः ज़ेयूदी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के दौरान 'इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन : मध्यप्रदेश' सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों का भरोसेमंद साथी है। उन्होंने कहा कि दुबई से मध्यप्रदेश के सहज और स्वाभाविक संबंध हैं तथा राज्य निवेशकों के लिए अवसरों और संभावनाओं के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय प्रदेश है और यहां की औद्योगिक नीतियां पारदर्शी एवं निवेशक अनुकूल हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं की जानकारी दी। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक अधोसंरचना और कुशल मानव संसाधन निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पीथमपुर और मंडीदीप जैसे औद्योगिक केंद्र राष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। यूएई के विदेश व्यापार मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों और कुशल मानव शक्ति की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने भारत और यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में मध्यप्रदेश की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। भारत के उच्चायुक्त डॉ. दीपक मित्तल ने कहा कि मध्यप्रदेश देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने भी प्रदेश की निवेश नीतियों और औद्योगिक संभावनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया। सत्र में बड़ी संख्या में उद्योगपति और निवेशक उपस्थित रहे।

**▶▶ एआईएम कांग्रेस-2026 में मध्यप्रदेश सत्र के दौरान उद्योग, तकनीक और व्यापारिक साझेदारी पर दिया जोर**



# तातारस्तान और यूएई प्रतिनिधियों से उद्योग तकनीक व पर्यटन में साझेदारी पर संवाद

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दौरान वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने रूसी गणराज्य तातारस्तान के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर मध्यप्रदेश और तातारस्तान के बीच व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

बैठक में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, पेट्रोकेमिकल्स, फूड प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, कौशल विकास, कृषि और आधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में संयुक्त निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तातारस्तान को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे स्वीकार करते हुए वहां के प्रमुख ने निवेशक प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग लेने की सहमति दी। मुख्यमंत्री ने यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद ज़ैयौदी के साथ भी बैठक की। इसमें भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत व्यापार, तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला और निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने यूएई निवेशकों को मध्यप्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण, नवकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट विनिर्माण, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश के अवसरों से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री एचई अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से भी मुलाकात की। उन्होंने उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया। बैठक में पर्यटन, होटल, हॉस्पिटैलिटी, खनन, टेक्सटाइल और विमानन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने विश्व बैंक के डिजिटल एवं एआई मामलों के उपाध्यक्ष सांगबु किम से भी चर्चा की। बैठक में मध्यप्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार हुआ।

# मुख्य सचिव सम्मेलन के लिए विषय तय करने समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य शासन ने दिसंबर 2026 में नीति आयोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले मुख्य सचिवों के छठवें राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए पांच मुख्य विषय तय करने समिति का गठन किया है। समिति को 9 सितंबर 2026 तक अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करनी होंगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग कैलाश चंद गुप्ता को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं लोक सेवा प्रबंधन नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी और प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग गुलशन बामरा को सदस्य बनाया गया है। सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी श्रीमन शुक्ला को समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति सम्मेलन के लिए निर्धारित किए जाने वाले पांच प्रमुख विषयों को लेकर सुझाव देगी।

**▶▶ नीति आयोग के राष्ट्रीय सम्मेलन की पांच थीम पर देगी सुझाव**

# स्वच्छ हवा और जलवायु संरक्षण की दिशा में नई पहल, गैर कार्बन उत्सर्जन में कमी की रिपोर्ट जारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण दिलीप सिंह अहिरवार ने अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में गैर कार्बन उत्सर्जन में कमी के मार्ग-एक बहु क्षेत्रीय आंकलन रिपोर्ट का विमोचन किया।

श्री अहिरवार ने कहा कि प्रदेश स्वच्छता, सतत अपशिष्ट प्रबंधन और कार्बन क्रेडिट जैसी पहलों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। प्रदेश में करीब 7.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन नीति, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी मध्यप्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। राज्य की जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना और इलेक्ट्रिक वाहन तथा नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी नीतियां पर्यावरण संरक्षण के लिए मजबूत आधार उपलब्ध करा रही हैं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण से जुड़े विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और सीमापार वायु प्रदूषण जैसे विषयों पर तकनीकी सत्रों में जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञ और अधिकारी उपस्थित रहे।



### सड़क हादसे में युवकों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन जिले के ग्राम दीवटिया के युवकों की सलकनपुर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए उन्हें इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। रविवार रात हुई दुर्घटना में चार युवकों की मृत्यु हुई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है।

# विभागीय जांच रिपोर्ट में देरी पर प्रभारी संयुक्त संचालक निलंबित


**▶▶ अमरसत्य गुप्ता पर सात जांच और 15 लोकायुक्त प्रकरणों में प्रतिवेदन लंबित रखने का आरोप**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने विभागीय जांच प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत नहीं करने और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के मामले में प्रभारी संयुक्त संचालक अमरसत्य गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गुप्ता नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के ग्वालियर-चंबल संभाग में पदस्थ थे। नगर पालिका परिषद भिंड में निर्माण कार्यों के दौरान अनियमित भुगतान से निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचाने की शिकायत की जांच के लिए अमरसत्य गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्हें तीन माह के भीतर जांच पूरी कर प्रतिवेदन संचालनालय को सौंपने के निर्देश दिए गए थे।

निर्धारित अवधि बीतने के बाद पांच माह से अधिक समय गुजर जाने और बार-बार स्मरण कराने के बावजूद जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। विभाग ने 31 अगस्त को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्धारित अवधि में जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

विभागीय जानकारी के अनुसार अमरसत्य गुप्ता के पास अन्य छह विभागीय जांच प्रकरण और 15 लोकायुक्त प्रकरणों के प्रतिवेदन भी लंबित पाए गए। इसके अलावा उच्च न्यायालय की खंडपीठ ग्वालियर के समक्ष लंबित विभिन्न अवमानना याचिकाओं में समय पर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने संबंधी कार्रवाई भी अपेक्षित रूप से नहीं की गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने अमरसत्य गुप्ता को निलंबित करने के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का संचालनालय भोपाल रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# समयबद्ध प्रवेश, परीक्षा व परिणाम से सुधरेगी शिक्षा गुणवत्ताः परमार





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रवेश, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम की समयबद्धता शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है। समय पर प्रवेश, नियमित अध्ययन-अध्यापन, निर्धारित समय पर परीक्षा और परिणाम तथा अकादमिक कैलेंडर का शत-प्रतिशत पालन होने पर ही विद्यार्थियों का समग्र और न्यायसंगत मूल्यांकन संभव हो सकेगा।

एलएनसीटी विवि में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए श्री परमार ने कहा कि इस सत्र से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 केवल शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, जीवन-मूल्यों और दृष्टिकोण के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का राष्ट्रीय संकल्प है। परीक्षा और मूल्यांकन व्यवस्था को पारदर्शी, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और विद्यार्थी-केंद्रित बनाया जाना चाहिए। परीक्षा केवल ज्ञान मापने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थी की प्रतिभा, क्षमता, कौशल, चिंतन और सृजनशीलता को पहचानने का अवसर भी होनी चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व विकास पर बल देती है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली और एलएनसीटी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला परीक्षा एवं मूल्यांकन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यशाला में डॉ. अतुल कोठारी, अशोक कड़ेल, डॉ. रविंद्र कान्हेरे, डॉ. रमेश चंद्र भारद्वाज, डॉ. खेम सिंह डेहरिया, प्रबल सिपाहा और अनुपम चौकसे उपस्थित रहे।

# फ्रेशर्स पार्टी में नाबालिगों की सूचना पर होटल में हंगामा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रानी कमलापति स्टेशन स्थित होटल हयात पैलेस में शनिवार रात एक निजी विश्वविद्यालय की फ्रेशर्स पार्टी के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि पार्टी में नाबालिग छात्राओं को भी प्रवेश दिया गया है। इसके बाद वे होटल पहुंचे और पार्टी में शामिल छात्राओं के पहचान पत्र जांचने की मांग करने लगे।

पार्टी आयोजकों और होटल प्रबंधन ने कार्यकर्ताओं को बताया कि कार्यक्रम में किसी नाबालिग को प्रवेश नहीं दिया गया है। इसके बावजूद पुलिस की मौजूदगी में करीब एक घंटे तक होटल के भीतर नारेबाजी और हंगामा चलता रहा। स्थिति बिगड़ने पर होटल कर्मचारियों ने गेट बंद कर पार्टी में मौजूद छात्र-छात्राओं को एक हॉल में सुरक्षित पहुंचाया। सामने आए वीडियो में कुछ कार्यकर्ता बंद गेट पर लात मारते दिखाई दिए। कार्यकर्ताओं ने पार्टी में शामिल छात्राओं के पहचान पत्र भी जांचे।

घटना के दौरान होटल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पूरे घटनाक्रम से जुड़े कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें कार्यकर्ता होटल के भीतर नारेबाजी और हंगामा करते दिखाई दे रहे हैं। जीआरपी हबीबगंज थाना प्रभारी अमित शर्मा के अनुसार घटना शनिवार रात की है। होटल प्रबंधन, हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं अथवा पार्टी आयोजकों में से किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# जेरोन खालसा नप अध्यक्ष के खिलाफ मतदान 29 को

**नप्र, भोपाल :** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद जेरोन खालसा जिला निवाड़ी के अध्यक्ष को अपने पद से वापस बुलाने के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। इस संबंध में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं प्रतीक का आवंटन 8 सितम्बर को किया जायेगा। मतदान 29 सितम्बर को होगा। मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से होगी। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगर परिषद जेरोन खालसा जिला निवाड़ी के नगरीय क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है।

# साइबर ठगी नेटवर्क पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार, करोड़ों के लेन-देन की जांच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच के माध्यम से अंतर्राज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत म्यूल बैंक खाते और बैंकिंग ओटीपी से जुड़े सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों से जुड़े एक यूको बैंक खाते में पांच करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन हुआ है। यह खाता देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर अपराधों से जुड़ा पाया गया है। पुलिस ने बताया कि खाते से जुड़े मामलों की शिकायतें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, गोवा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित अन्य राज्यों से सामने आई हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अपने बैंक खाते को म्यूल खाते के रूप में उपलब्ध कराया था। साथ ही बैंकिंग ओटीपी प्राप्त करने वाले सिम कार्ड भी अन्य लोगों को दिए गए थे, जिनका उपयोग संगठित साइबर धोखाधड़ी में किया गया।

क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन, आठ सक्रिय सिम कार्ड, दस बैंक पासबुक, 11 एटीएम कार्ड और संदिग्ध बैंक खाता जब्त किया है। पुलिस द्वारा मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है। मामले में जुड़े अन्य लोगों और साइबर अपराध नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से बैंक संबंधी जानकारी और ओटीपी साझा नहीं करने की अपील की है।

**उपलब्धि** | *प्रथम कैलाश सारंग मेमोरियल कप में डबल धमाका*

# राजेश गुप्ता और डॉ. राजीव सक्सेना ने जीते दो-दो खिताब




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रथम कैलाश सारंग मेमोरियल लेगेसी बैडमिंटन कप टूर्नामेंट-2026 में राजेश गुप्ता और डॉ. राजीव सक्सेना की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में डबल धमाका किया है। राजेश गुप्ता के हरफनमौला प्रदर्शन से इस अनुभवी जोड़ी ने 50 प्लस और 55 प्लस दोनों वर्गों में खिताब जीतकर दोहरा खिताब अपने नाम कर लिया। पूरे मैच के दौरान राजेश गुप्ता और डॉ राजीव सक्सेना विरोधी टीमों पर आक्रमक अंदाज में लगातार हावी रहे।

50 प्लस वर्ग के फाइनल में राजेश गुप्ता और डॉ. सक्सेना का मुकाबला दिनेश नागिया और कामिल शाह की मजबूत जोड़ी से था। बेहद रोमांचक मुकाबले में राजीव-राजेश की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और सटीक शॉट्स का प्रदर्शन करते हुए 15-13 और 15-11 से सीधे गेमों में जीत दर्ज कर विजेता का ताज पहना। वहीं 55 प्लस वर्ग के फाइनल में भी इस जोड़ी का दबदबा कायम रहा। फाइनल में उन्होंने मनीष गुप्ता और चंद्रशेखर की जोड़ी को 15-5 और 15-12 से हराकर दूसरा खिताब अपने नाम किया। पहला गेम एकतरफा रहा, जबकि दूसरे गेम में विरोधी जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अनुभवी जोड़ी के अनुभव के आगे उनकी एक न चली। इस दोहरी जीत के साथ राजेश गुप्ता डॉ. राजीव सक्सेन की जोड़ी पूरे टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बनी रही। राजेश गुप्ता एवं डॉ राजीव सक्सेना के आक्रामक और शानदार खेल ने कोर्ट पर उनकी फिटनेस, चुस्ती और आपसी समझ को देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com